तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
महापौर ने लिया नाला सफाई का जायजा बारिश के पहले सफाई अभियान शुरू



## खबर संक्षेप

### पीतल की अंगूठी को सोना का बता ले उड़े सोने का मंगलसूत्र

**राजपुर।** ज्वेलर्स दुकान में मंगलसूत्र खरीदने के बहाने दो युवकों ने न सिर्फ दुकानदार को चकमा दिया बल्कि बातो में उलझाकर अपने पास रखे पीतल के अंगूठी को सोने का बता कर 54 हजार से अधिक कीमत का सोने का मंगलसूत्र ले उड़े। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत थाने में की है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में जूट गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे स्टेट बैंक के समीप प्रकाश ज्वैलर्स में दो अज्ञात व्यक्ति पहुंची और मंगलसूत्र का लॉकेट देखने की बात कही। जिस पर दुकानदार ने 54 हजार 690 रुपए कीमत का मंगलसूत्र दिखाया गया। इसी बीच दोनो ने अपने पास रखे अंगूठी को दिखा कर दुकानदार से कीमत पूछी तो दुकानदार ने अंगूठी की कीमत लगभग 57 हजार 500 रुपए का होना बताया। दोनों युवक ने अपने अंगूठी के बदले मंगलसूत्र देने तथा शेष 2,810 राशि बाद में समायोजित करने का झांसा दिया गया और दुकानदार को बातों में उलझाकर कुछ समय बाद मंगलसूत्र लेकर दुकान से फरार हो गए। इधर जब दुकानदार ने अंगूठी की जांच की तो उसके होश उड़ गए। अंगूठी सोने के बजाय पीतल का निकला। दुकानदार ने धोखाधड़ी कर 54 हजार से अधिक कीमत के सोने का मंगलसूत्र ले जाने की शिकायत थाने में की। बताया जा रहा है कि दोनों पैदल दुकान आए थे। बताया जा रहा है कि दोनो वाड्रफनगर में भी पीतल के अंगूठी को सोना बता कर बदलने गए थे लेकिन सफल नहीं हो सके। बहरहाल मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जूट गई है।

### पलक झपकते ही चोरों ने पार की बाइक

**सीतापुर।** नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पलक झपकते ही पार कर दिया। पीड़ति बाइक में चाभी लगा छोड़कर मोबाइल दुकान के अंदर गया था। दस मिनट बाद जब वो दुकान से बाहर आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार ग्राम तेलाइधार निवासी फनाउल्लाह खान उर्फ भोला आ. सेजाम खान (35 वर्ष ) पुराना बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान आया था। युवक अपनी बाइक क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 4801 में चाभी लगा छोड़ मोबाइल दुकान में चला गया। दस मिनट बाद जब दुकान से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो मोबाइल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो कैमरे में एक अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। घटना की रिपोर्ट बाइक मालिक ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### फरार आरोपी ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**अम्बिकापुर।** गत दिनों 295 नग नशीला कैप्सूल के मामले में आबकारी नियंत्रण कक्ष से फरार आरोपी ने आज विशेष न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 11 अप्रैल को आबकारी उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कॉलोनी विश्रामपुर निवासी भोले घसिया के शयन कक्ष से कुल 295 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत कार्रवाई कर रिमांड के लिए सूरजपुर आबकारी नियंत्रण कक्ष ले गया। जहां आरोपी भोले घसिया को आबकारी नियंत्रण कक्ष में प्रधान आरक्षक मेवालाल सोनवानी एवं एक महिला सैनिक के हवाले कर एक अन्य कार्रवाई के लिए आबकारी उड़नदस्ता एवं सूरजपुर की टीम दूसरी तरफ चली गई। इसी बीच आरोपी भोले घसिया ने पानी पीने के बहाने चकमा देकर फरार हो गया था।

## गौ तस्करी पर जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 9 गौवंश मुक्त, आदतन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस का सख्त रुख लगातार नजर आ रहा है। थाना लोदाम क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से तस्करी कर ले जाए जा रहे 9 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को लोदाम पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में गौवंशों को भरकर जशपुर से झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे-43 पर भलामंडा तिराहे के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध वाहन आते दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से भगाने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाशी ली, जिसमें 9 गौवंश ठूस-ठूस कर भरे हुए मिले। सभी गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकालकर जब्त कर लिया गया तथा वाहन को भी कब्जे में लिया गया।



### वाहन के आधार पर पहचान

इमरान खान उम्र 28 वर्ष, निवासी साईं टांगर टोली, थाना लोदाम के रूप में की। सघन सर्च अभियान चलाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1)(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके विरुद्ध पूर्व में भी गौ तस्करी एवं चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं।

### दो सप्ताह में 82 गौवंश मुक्त

उल्लेखनीय है कि जशपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत पिछले दो सप्ताह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 82 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। साथ ही 8 आरोपियों की गिरफ्तारी एवं तस्करी में प्रयुक्त तीन वाहनों की जब्ती की गई है।

### आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे

इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने बताया कि जिले में गौ तस्करी के विरुद्ध सख्त अभियान जारी है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है तथा तकनीकी निगरानी भी बढ़ाई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएम आज विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 17 अप्रैल को जशपुर प्रवास संभावित है। मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अंतर्गत राज्य को पीएमजीएसवाय के तहत नए स्वीकृत सड़को का भूमिपूजन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री जशपुर में बुजुर्गों के डे केयर यूनिट के रूप में विकसित किए गए नवनिर्मित सियान गुड़ी का भी शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने तेज कर दी हैं। इस संबंध में आज कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने रणजीता स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन की सभी तैयारी समय सीमा में पूर्ण कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए।

## राजस्व पखवाड़ा के तहत 184 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र और सीमांकन मामलों के निराकरण में आई तेजी
- राजस्व शिविरों से आमजनों को मिली राहत

लोगों की राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक पत्थलगांव तहसील में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गई।

इस दौरान शिविरों का आयोजन कर राजस्व संबंधी आवेदन प्राप्त कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवधि में कुल 354 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 184 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 170 लंबित प्रकरणों पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। तहसीलदार पत्थलगांव के मार्गदर्शन में विभिन्न राजस्व से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र के 65, निवास प्रमाण पत्र के 53 एवं आय प्रमाण पत्र के 48 प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया, जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत मिली। इसी प्रकार राजस्व मदों के अंतर्गत अविवादित नामांतरण के प्राप्त आवेदन में से 16 का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरण पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। सीमांकन के 6 मामलों में से 2 का निराकरण कर 4 प्रकरणों पर कार्यवाही जारी है। इसके अलावा खाता विभाजन एवं अन्य प्रकरणों में भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। राजस्व पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिविरों में बी-1 (खसरा) का वाचन किया गया तथा पटवारी प्रतिवेदन हेतु प्राप्त आवेदनों पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। कई प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति एवं फील्ड जांच की प्रक्रिया जारी होने के कारण निराकरण लंबित है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को उनके अधिकारों से संबंधित सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह पहल न केवल राजस्व मामलों के त्वरित समाधान में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि प्रशासन और आम नागरिकों के बीच विश्वास को भी मजबूत कर रही है।



## केंद्रीय विद्यालय का 24वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय का 24वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने भाषण नृत्य, संगीत एवं अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मकता ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक अमित कुमार एक्का द्वारा स्थापना दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में सत्र 2025-26 की सीबीएसई परीक्षा में कक्षा दसवीं के 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में निरंतर परिश्रम एवं उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि केंद्रीय विद्यालय जशपुर की स्थापना दिनांक 16 अप्रैल 2003 को हुई थी तथा सन 2017 में विद्यालय को स्थाई रूप से जशपुर के गम्हरिया स्थान पर स्थानांतरित एवं निर्मित किया गया। समारोह के समापन अवसर पर शिक्षक चंदन कुमार राय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।



## कक्षा 10वीं में जोगपाल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

जोगपाल पब्लिक स्कूल कांसाबेल (सीबीएसई से संबद्ध) के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक दृष्टिकोण का भी परिचय दिया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्कूल के रौनक गुप्ता ने 92 प्रतिशत, अंश गुप्ता 89.8 प्रतिशत, इच्छा शर्मा 87 प्रतिशत, बुशरा परवीन 81.8 प्रतिशत, कृति चौहान 80.2 प्रतिशत ने अंक प्राप्त किया है।

### दिव्यांग शिक्षक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**सीतापुर।** बेलगाम बाइक सवारों ने दिव्यांग शिक्षक को टक्कर कार दी। दुर्घटना में शिक्षक घायल हो गया। नगर में बाइकर्स गैंग का आतंक एवं जानलेवा रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। बेलगाम हो चुके बाइकर्स गैंग नगर में बेखौफ होकर आतंक मचा रहे है। प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर बाइक दौड़ाने वाले बाइकर्स गैंग से आम जनता काफी त्रस्त और परेशान हो चुकी है। आये दिन कोई न कोई इनकी चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो रहा है। मंगलवार दोपहर ग्राम नावाटोली ढेलसरा निवासी 45 वर्षीय बाइक सवार दिव्यांग शिक्षक राजन टोप्पो परिवार समेत सीतापुर से अपने घर वापस जा रहे थे। पुरानी बस्ती लाल बंगला के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 8252 सवार युवकों ने टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से दिव्यांग शिक्षक संभल नही पाये और परिवार समेत दूर जा गिरे।

## कल्याणपुर गांव के कोटबहरा में हाथी के कुचलने से युवक की मौत

- ग्रामीणों में भारी आक्रोश, आंदोलन करने की हो रही तैयारी
- वन विभाग पर लापरवाही बरतने के लग रहे आरोप

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर कोटबहरा में बुधवार की शाम एक हाथी ने अचानक हमला कर एक ग्रामीण युवक को कुचलकर मार डाला। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव निवासी 30 वर्षीय केशव भोई पिता साधु भोई शाम के समय गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक जंगल की ओर से आए हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

देखते ही देखते हाथी ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग दहशत में भाग खड़े हुए।ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। ये हाथी लगातार गांव के आसपास घूमते हुए खेतों में घुसकर फसलों व मकानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों की मेहनत की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे उनकी आजीविका पर भी संकट गहरा गया है। बताया जा रहा है कि यह वही हाथी है, जो कुछ दिन पहले बलरामपुर जिले की ओर चला गया था, लेकिन फिर से लौटकर कोटबहरा क्षेत्र में आ गया और इस बार उसने एक ग्रामीण युवक की जान ले ली। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले से होने के बावजूद न तो कोई निगरानी की गई और न ही ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए ठोस जागरूकता कदम उठाए गए। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था की जाती, तो इस तरह की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा एक वर्ष पहले गांव में हाई मास्ट लाइट लगाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक यह कार्य पूरा नहीं हो सका है। अंधेरे के कारण रात के समय हाथियों की गतिविधियों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार 16 अप्रैल को प्रतापपुर-कल्याणपुर मार्ग पर चौक पर वृहद विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उनकी मांग है कि क्षेत्र में हाथियों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, वन विभाग की जवाबदेही तय हो और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा एवं सुरक्षा की गारंटी दी जाए।



## शौर्य प्रताप की पहल पर 15 लाख से बनेगा पुल

# झारगांव को मिलेगी टापू के जीवन से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की पहल पर दुलदुला ब्लाक के ग्राम पंचायत बांसाताल के आश्रित गांव झारगांव के रहवासियों को अब बरसात के दिनों में टापू सा जीवन जीने से मुक्ति मिल जाएगी। जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुल निर्माण के लिए 15 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। इस पुल निर्माण के लिए शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने भूमि पूजा किया।

भूमि पूजा समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे शौर्य प्रताप सिंह जूदेव का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने पुल निर्माण का भूमि पूजा किया। इस दौरान उन्होनें ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर सहित प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्ति मिल चुका है। अब बारी विकास की है। उन्होनें बताया कि झारगांव के निवासियों ने उन्हें बस्ती के पास बहने वाली पहाड़ी नाले में पुल ना होने से बरसात के दिनों में होने वाली कठिनाईयों से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि भाजपा क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्पित है। जल्द ही पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा। झारगांव के रहवासियों ने पुल निर्माण के लिए जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव का आभार जताया है।



### झारखंड से लगा गांव

उल्लेखनीय है कि झरगांव छत्तीसगढ और झारखंड की अंतर्राज्यी सीमा पर स्थित गांव है। लगभग 400 की आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए एक पहाडी नाला को पार करना होता है। बारिश के दिनों में पहाड़ी नाले पर उफान आने पर झारगांव के निवासी अपने घरों में कैद हो कर रह जाया करते थे। सबसे अधिक परेशानी गांव में किसी के स्वास्थय खराब होने पर होती है। इस पुल का निर्माण हो जाने पर इन सारी कठिनाईयों से झारगांव के निवासियों को मुक्ति मिल जाएगी।

## हरे खाद का किया जा सकता है वैकल्पिक उपयोग

**जशपुरनगर।** जिले में हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए सभी विकास खण्ड में इस वर्ष 600 हेक्टेयर में प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। विभाग द्वारा किसान भाईयों से कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर हरी खाद का उपयोग कर धरती माता को चिरस्थाई, दीर्घायु बनाने हेतु अपील की गई है।

विशिष्ट फसलों को खेत में जोतकर मिट्टी में दबाकर लगाया जाता है। तब उससे हरी खाद बनता है। हरि खाद वाली फसलें मे ढेंचा, सनई मुंग, उड़द, बरसीम शामिल हैं। इस खाद का उपयोग बुआई से पहले रात भर बीज को भीगो देना होता है। मार्च अप्रैल में बुआई कर, बुआई के 40-50 दिन बाद, ट्रेक्टर हल से जुताई करके में मिलाना होता है। 2-3 हफ्ते बाद मुख्य फसल बोना होता है। मिट्टी में नाइट्रोजन पोटाष और कई पोषक तत्व की मात्रा बढ़ाती है। जैविक पदार्थ बढ़ता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता सुधारती है। मिट्टी को भूरभूरी और उपजाऊ बनाती है। जैविक पदार्थ बढ़ता है। रासायनिक खाद की जरूरत कम करती है। इसके लिए बहुत ज्यादा पकी (कठोर) फसल को न जोतना होता है। खेत में नमीं होना जरूरी है। जुताई के बाद 15-20 दिन तक सड़ने देना है। एक एकड़ में 10-12 किलो पर्याप्त है। खराब जमीन पर 20 किग्रा तक डाल सकते है।


BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### गोंदिया पैसेंजर दो दिन के लिए रहेगी रद्द

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया भाटापारा सेक्शन बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है द्य जिसकी वजह से 17 एवं 19 अप्रैल को दो दिन गाड़ी संख्या 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर रद्द रहेगी द्य इसके अलावा 17 एवं 19 अप्रैल को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू और गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। पूर्व तटीय रेलवे के सम्बलपुर मंडल के बलांगीर.सम्बलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग कार्य के लिए ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक लिया जायेगा द्य इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर दिनांक 17, 18, 27 एवं 28 अप्रैल को रद्द रहेगी।

### अब नहीं टपकता नानदाई का घर

**रायगढ़।** ठुसेकेला की निवासी नानदाई की कहानी इस योजना की सफलता की सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है। कभी मिट्टी के घर में जीवन यापन करने वाली नानदाई बताती हैं कि उनका घर बारिश में टपकता था, जिससे परिवार के साथ रहना बेहद कठिन हो जाता था। लेकिन अब उन्हें योजना के तहत पक्का मकान मिल चुका हैए जिससे उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। नानदाई कहती हैं, पहिली हमर माटी के घर रिहिस हेए अब हमन ला आवास मिल गे हे,अब हमन अच्छा रहिबो। उनके शब्दों में एक सुरक्षित छत मिलने का सुकून साफ झलकता है। अब उन्हें मौसम की मार का डर नहीं सताता और वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी रही हैं। अपनी खुशी जाहिर करते हुए नानदाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करती हैं। नानदाई जैसी महिलाओं के लिए यह योजना सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन रही है। नानदाई की यह प्रेरक कहानी बताती है कि जब योजनाएं सही तरीके से जमीन पर उतरती हैं, तो वे केवल ढांचा नहीं बनातींए बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाती हैं।



### शिविर में मिले 1589 आवेदनों का निराकरण

**रायगढ़।** जिले में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 2444 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 1589 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। जिले की सभी तहसीलों में कुल 382 शिविरों का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासनिक सेवाएं गांव-गांव तक पहुंचीं।

जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल सकी। राजस्व पखवाड़ा के दौरान विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आरबीसी 6.4 प्रकरण, आय,

## 1 मई से मकान सूचीकरण एवं आवास गणना

# जनगणना की तैयारियां तेज स्व-गणना का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आमजन को जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व से अवगत कराया जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा, जिसके तहत जिले के प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन का सर्वेक्षण कर उसकी स्थिति, उपयोग तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करेगी।

इस बार जनगणना को अधिक सरल और सहभागी बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच इच्छुक




नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार एवं आवास से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक विशेष सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के घर पहुंचने पर इसी आईडी के माध्यम से जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। जनगणना के दौरान भवन की संख्या, प्रकार, उपयोग, निर्माण की स्थिति कच्चा, पक्का या अर्ध-पक्का, परिवारों की संख्या तथा पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस एवं इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो सामाजिक-आर्थिक योजनाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्धारित अवधि में अधिकृत प्रगणक पहचान पत्र के साथ घर-घर पहुंचकर जानकारी एकत्रित करेंगे, ऐसे में नागरिकों से अपील की गई है कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा स्व-गणना करने वाले परिवार अपनी आईडी अवश्य साझा करें। जनगणना के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं नीतिगत उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा है कि सटीक आंकड़े ही योजनाओं को प्रभावी बनाते हैं।

# महापौर ने लिया नाला सफाई का जायजा बारिश के पहले सफाई अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




शहर में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलभराव की समस्या से निबटने नगर निगम द्वारा नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। बुधवार को महापौर जीवर्धन चौहान ने एमआईसी सदस्यों के साथ लक्ष्मीपुर पुल स्थित बड़े नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शहर के सभी 6 प्रमुख नालों की सफाई कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा संबंधित सफाई दरोगा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

वर्तमान में लक्ष्मीपुर नाला एवं कौहाकुंडा से चिरंजीव दास नगर तक के नाले की सफाई का कार्य आधुनिक मशीनों, चैन माउंटेन बड़े पोकलेन के माध्यम से तेजी से किया जा रहा है। इससे गाद सहित नाले में जमे कचरे और उसमें उगे झाड़ियों को प्रभावी ढंग से निकालकर नालों की जल निकासी क्षमता बढ़ाई जा रही है। महापौर श्री चौहान ने कहा कि नगर निगम द्वारा बरसात पूर्व व्यापक स्तर पर नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। इसमें निगम प्रशासन द्वारा शहर के सभी प्रमुख नाले पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण यह सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

महापौर ने नालों में कचरा डालने से बचने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नालों में कचरा फेंकने से जल निकासी बाधित होती है, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या आती है।

# 28 पान दुकानों पर 5 हजार जुर्माना



**रायगढ़।** 11 अप्रैल को रायगढ़ शहरी के जूटमिल क्षेत्र तथा 14 अप्रैल को सती गुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र तक पान ठेलों में कोटपा एक्ट.2003 के तहत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों की संयुक्त टीम द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जूटमिल क्षेत्र में 7 पान ठेलों से 1510 रुपए तथा सतीगुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र में 21 पान ठेलों से 4000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान दुकानदारों को कोटपा एक्ट. 2003 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जबकि धारा 5 के अंतर्गत तम्बाकू विक्रेताओं को चेतावनी बोर्ड प्रदर्शित करना आवश्यक है। इसी प्रकार धारा 6 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री करना दण्डनीय अपराध है। वहीं धारा 7 के तहत बिना वैधानिक चेतावनी वाले तम्बाकू उत्पादों की बिक्री भी प्रतिबंधित है।

# कार ने मासूम को रौंदा,आक्रोशित ग्रामीणों ने कर दिया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत फगुराम चौक पर बुधवार को एक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही एक मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक काले रंग की क्रेटा कार तेज गति से आ रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची कार के नीचे फंस गई और कुछ दूरी तक सड़क पर घसीटती चली गई। इस मंजर को देख मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा.तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। हादसे से गुस्साए लोगों ने बच्ची के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं हैए जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस प्रदर्शन के चलते खरसिया-डभरा मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई हैं



और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। इस दौरान मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद अधिकारी स्थिति को संभालने और लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनआक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा।

* **रायगढ़।** आरपीएफ ने एक फरार वारंटी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सत्यनारायण यादव पिता अमर यादव उम्र 35 वर्ष निवासी बलुआग्राम अफगान थाना भटनी जिला. देवरिया उत्तर प्रदेश के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया।

# बिना काम पूरा किए राशि का आहरण, जांच में खुलासा, कलेक्टर ने बनाई जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तीन साल पहले बीजेपी नेता को मिले कांग्रेसी राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद का काम अब तक पूरे नहीं हुए हैं। बीजेपी नेता के फर्म को जेम पोर्टल के मार्फत पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत मिड़मिड़ा और एकताल में करीब 11 काम मिला था। खास बात यह है कि बिना काम पूरे हुए रनिंग बिल लगाकर राशि भी आरहण कर ली गई। इसका खुलासा तब हुआ जब वित्तिय वर्ष में जांच की गई। जब इसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई तो उन्होंने तीन सदस्यीय कमेटी जांच के लिए गठित कर दी। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है। माना जा रहा है कि अब इस मामले में कार्रवाई हो सकती है। नेता के फर्म को या तो ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा या फिर पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा। बीजेपी नेता के फर्म महावीर ट्रेडर्स को यह काम मिला था। दिलचस्प बात यह है कि राज्य सभा सांसद का कार्यकाल खत्म हो चुका है, लेकिन उनके द्वारा अनुमोदित काम पूरा नहीं हो सका है। लोकसभा और राज्य सभा सांसदों को गांवों से लेकर शहर विकास के लिए हर साल 5-5 करोड़ मिलता है। विकास कार्यो का अनुमोदन सीधे केंद्र सरकार के ई-साक्षी पोर्टल में होती है। यह पोर्टल इसकी मॉनिटिरंग भी करती है। इसमें कांग्रेस के पूर्व राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी द्वारा पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत मिड़मिड़ा और एकताल में 11 कार्य स्वीकृत किए गए थे। खास बात यह है कि यह काम अब तक पूरे नहीं हुए है। जबकि सांसद का कार्यकाल खत्म हो चुका है। यह कार्य वित्तिय वर्ष 2023-24 का है। अभी जब वित्तिय वर्ष में कार्यो की जांच की जा रही थी तो इसकी जानकारी मिली। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को जब इसकी जानकारी मिली तो सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच करने का निर्देश दिया गया था। इसमें कोषालय अधिकारी और सांख्यिकी अधिकारी भी शामिल हैं। इनके द्वारा दोनों ग्राम पंचायतों में जांच की गई। जानकारी मिली है कि जांच रिपोर्ट कलेक्टर तक पहुंच चुकी है। जांच टीम ने जांच करने के बाद मय सबूत फोटो ग्राफ्स भी रिपोर्ट में पेश किया है।

**बीते 2023-24 में जेम पोर्टल के मार्फत लिया गया था काम**



### सरपंचों के असहयोग का हवाला

इस मामले को लेकर जहां वेंडर द्वारा सरपंचों के असहयोग के कारण कार्य लंबित होने की बात कही जा रही है। वहीं सरपंचों द्वारा वेंडर की मनमानी के कारण कार्य पूरा न हो पाने का आरोप लगाया जा रहा है। अब इसमें किसकी गलती है यह तो अधिकारियों की जांच रिपोर्ट में ही खुलासा हो सकता है।

### करीब एक करोड़ का काम

जानकारी के मुताबिक जांच टीम ने 11 कार्यो की जांच की है। इसमें बोर खनन से लेकर सीसी सड़क और सोलर लाइट का काम होने की बात कही जा रही है। यह काम जेम पोर्टल के माध्यम से ली गई थी। जानकारी मिली है बिना काम पूरा हुए ही रनिंग बिल लगाकर इसका आहरण भी कर लिया गया है। अब इस मामले में कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अब इन गांवों में सांसद मद से हुए पूरे कार्यों की जांच भी की जा सकती है।

जांच कराई गई है, काम पूरे नहीं हुए हैं। काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। 1-2 महीने में काम पूरा नहीं होगा तो एफआईआर कराई जा सकती है।
**मयंक चतुर्वेदी**
कलेक्टर

# पिता की डांट गुजरी नागवार तो घर से निकल गई नाबालिग, सहेली ने ही किया सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिता की डांट एक नाबालिग को इतना नागवार गुजरा कि वह घर से निकल गई। जब वह अकेली किसी सुनसान जगह पर खड़ी थी तो उसकी सहेली मिली और उसे अच्छा काम दिलाने के बहाने रायगढ़ ले आई। नाबालिग को क्या पता कि जिसे वह सहेली मान रही है वह उसका सौदा करने ले जा रही है।

सहेली ने कुछ लोगों से मिलकर उसका डेढ़ लाख में सौदा कर दिया। इस दौरान वह देह व्यापार करने का दबाव भी बनाती रही। बहरहाल पुलिस ने नाबालिग की जहां सौदा हुआ था वहां दबिश देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। साथ ही नाबालिग का सौदा करने वाले आरोपियों को भी पकड़ लिया है। याने काम दिलाने के बहाने बेचने और जबरन शादी कराने के साथ ही उससे देहव्यापार कराने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग और खरीदार सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पीडिता नाबालिग ने बीते 11 अप्रैल को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके पिता उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे हर बात पर डांटते हैं। जिससे डर कर वह बीते 26 नवंबर को अपने घर से निकल कर गांव के ही खेल मैदान के पास गई थी। इसी बीच उसके परिचय की एक युवती मिली और उसने पीडिता को अच्छा काम दिलाने की बात कहते हुए रायगढ शहर ले आई। जहां उसने निकले महादेव मंदिर के पास पहले से ही मौजूद इस गिरोह की सक्रिय सदस्यों बिंदिया रात्रे, अभय यादव, चिकू खान, पूजा उर्फ बॉबी उर्फ चाची से मिलवाया। इन सभी ने पीडिता को बेहतर काम दिलाने की बात कहते हुए मध्यप्रदेश के सागर ले आए। जहां इन्होंने पीडिता को डेढ लाख रूपए में सुनील दिक्षित पिता बाबूलाल दिक्षित उम्र 37 साल निवासी बिलवार जिला छतरपुर को बेच दिया और एक मंदिर में जबरन सुनील के साथ उसकी शादी करा दी। तथाकथित शादी के बाद आरोपी सुनील ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। इसी बीच मौका पाकर पीडिता वहां से निकलने में कामयाब हो गई और वहां से किसी तरह निकल कर ट्रेन से वापस रायगढ लौट आई। किंतु अपने पिता के मार के डर से घर नहीं लौटी और बिंदिया रात्रे पिता स्व. रामलाल रात्रे उम्र 23 सा. इंदिरा नगर भोला गली के पास पहुंची। जिसके बाद बिंदिया रात्रे ने उसे उसके घर में ही रूकने को कहा। जब पीडिता उसके घर में रूकी थी तब अरोपिया बिंदिया ने उसे जबरन देह व्यापार करने को दबाव बनाया और अपने परिचित लडकों के पास भी भेजती थी। पीडिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की।

### 10 नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों पैक्स का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसमें रायगढ़ जिले की 10 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां चितवाही, तिउर, पोड़ीछाल, लिप्ति, हाटी, दुर्गापुर, ससकोबा, घटगांव, खुरूशलेंगा और मुनुन्द भी शामिल है। सीएम श्री साय ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती.किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही हैए ताकि गांव और किसान समृद्ध बन सकें।

# रेल लाइन से राहगीरों को हो रही परेशानी



**पुसौर।** पुसौर विकास खंड के केनसरा बासनपाली के बाद गोर्रा पहुंच मार्ग के बीच अडानी पावर प्लांट द्वारा युद्ध स्तर में रेल लाइन का काम जारी है। जिसके कारण मिट्टी आदि क्षेत्र में बेतरतीब बिखरे होने व उड़ने से राहगीरों को परेशानी होने का खबर प्रकाश में आया है।

ज्ञात हो कि छोटे भंडार में स्थापित अडानी पावर प्लांट का विस्तार हो रहा है जिसके कारण खरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों से होते हुए रेल्वे पटरी बिछाया जा रहा है। जानकारों की माने तो इस निर्माण कार्यो के बीच रोड के डायवर्ट होने की सूचना के साथ साथ काम जारी होने की सूचना कहीं चस्पा नहीं है जिसके कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों का कहना है कंपनी द्वारा मनमानी किया जा रहा है जिसके कारण खेती किसानी के समय परेशानी तो होता ही है और गर्मी के समय में आना जाना करते समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जब रोड था तो रोड के किनारे किनारे बड़े बड़े पेड़ थे जिसमें राहगीर कभी कभी थकान मिटाते थे, लेकिन अब सारे एरिया में पेड़ कट जाने से राहगीरों को इस तरह की राहत नहीं मिल रहा है।















कार्यक्रम अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि



# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

## फेस – 04 के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारंभ कार्यक्रम

मुख्य अतिथि : यशस्वी मुख्यमंत्री - **श्री विष्णुदेव साय जी**

स्वीकृत 774 सड़कों की कुल लंबाई
**2,426,875 किलोमीटर**

स्वीकृत राशि
**₹2,225.44 करोड़**

17 अप्रैल 2026 | सुबह : 11 बजे
रणजीता स्टेडियम, जशपुर नगर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन देश के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर है।

### PMGSY-IV, बैच-I – जिला अनुसार सड़क विवरण

| क्रमांक | जिले का नाम | सड़कों की संख्या | कुल लंबाई (किमी) | कुल लागत (लाख ) | बसाहटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूरजपुर | 76 | 314.64 | 27362.33 | 76 |
| 2 | कोरिया | 50 | 249.90 | 21238.21 | 51 |
| 3 | बस्तर | 87 | 236.95 | 24068.31 | 87 |
| 4 | जशपुर | 77 | 197.26 | 19620.86 | 77 |
| 5 | कोरबा | 55 | 162.81 | 14681.21 | 55 |
| 6 | बीजापुर | 44 | 158.74 | 14082.15 | 44 |
| 7 | एमसीबी | 33 | 146.57 | 13193.88 | 33 |
| 8 | बलरामपुर | 58 | 142.55 | 13454.24 | 58 |
| 9 | कोंडागांव | 33 | 119.80 | 10587.15 | 34 |
| 10 | कांकेर | 40 | 115.06 | 11437.86 | 41 |
| 11 | कवर्धा | 48 | 104.06 | 10028.59 | 48 |
| 12 | महासमुंद | 44 | 96.50 | 7306.32 | 44 |
| 13 | बिलासपुर | 27 | 81.54 | 7672.82 | 27 |
| 14 | सरगुजा | 26 | 65.56 | 5904.73 | 26 |
| 15 | सुकमा | 12 | 56.28 | 5759.34 | 16 |
| 16 | दंतेवाड़ा | 12 | 43.16 | 3935.09 | 12 |
| 17 | रायगढ़ | 11 | 35.85 | 3447.55 | 11 |
| 18 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 9 | 25.40 | 2355.19 | 9 |
| 19 | गरियाबंद | 7 | 18.08 | 1338.32 | 7 |
| 20 | धमतरी | 2 | 11.45 | 752.27 | 2 |
| 21 | एमएमएसी | 3 | 9.90 | 1104.93 | 3 |
| 22 | मुंगेली | 6 | 9.65 | 896.17 | 6 |
| 23 | बालोद | 6 | 7.42 | 695.61 | 6 |
| 24 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 3 | 7.00 | 581.28 | 3 |
| 25 | राजनांदगांव | 2 | 3.90 | 368.61 | 2 |
| 26 | बेमेतरा | 2 | 3.50 | 344.20 | 2 |
| 27 | बलौदाबाजार | 1 | 3.36 | 326.58 | 1 |
| कुल | – | 774 | 2427 | 222544 | 781 |

निवेदक : सुनील कुमार अग्रवाल एलएलपी, हिलब्रो मेटालिक्स कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. एवं समस्त कान्ट्रेक्टर, पीएमजीएसवाई, छत्तीसगढ़